हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 253 देहरादून, सोमवार, 03 अप्रैल, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



वित्त मंत्री और राज्यसभा सांसद ने श्री दरबार साहिब में टेका मत्था 3

# सरकार महिलाओं के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 3 अप्रैल , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। यही नहीं सुरक्षित जननी विकसित धारिणी की अवधारणा को भी साकार किया जा रहा है इसी के दृष्टिगत महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग उत्तराखंड द्वारा केंद्र पोषित महत्त्वकांक्षी प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत 4944 गर्भावती /धात्री महिलाओं को रु. 1.15 करोड़ की धनराशि डी. बी. टी. के माध्यम से डिजिटली सीधे बैंक खाते मे भेजी गयी है।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का उदेश्य काम करने वाली महिलाओं की मजदूरी की भरपाई करने के लिए मुआवजा देना और उनके आराम और उचित पोषण को सुनिश्चित करना है।

यह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत निम्नलिखित तीन किश्तो मे किया जाता है। जिसमें पहली किस्त 1000 रुपए गर्भावस्था के पंजीकरण के समय, दूसरी किस्त 2000 रुपए, यदि लाभार्थी छह महीने की गर्भावस्था के बाद कम से कम एक प्रसवपूर्व जांच कर लेते हैं, जबकि तीसरी किस्त 2000 रुपए, जब बच्चे का जन्म पंजीकृत हो जाता है और बच्चे को BCG, OPV, DPT और हेपेटाइटिस-बी सहित पहले टीके का चक्र शुरू होता है दी जाती है।

# खाई में गिरी मसूरी से देहरादून आ रही रोडवेज की बस, दो की मौत, 38 लोग घायल





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। मसूरी देहरादून मार्ग पर रविवार को दर्दनाक हादसा हो गया। एक रोडवेज बस खाई में गिर गई, जिसमें 40 लोग सवार बताए रहे हैं। पुलिस के अनुसार दो लोगों की मौत हो गई है। आईटीबीपी के जवान और पुलिस सहित स्थानीय लोगों ने घायलों को खाई से बाहर निकाला।

जानकारी के मुताबिक बस हादसा मसूरी से पांच किमी पहले मसूरी देहरादून हाईवे पर शेर घड़ी के पास हुआ है। इस दर्दनाक हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस- प्रशासन की टीम मौके पर राहत-बचाव कार्य में लग गई। बस मसूरी से देहरादून लौट रहीं थी, तभी रास्ते में शेर घड़ी के पास 100 मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे के कारण यहां दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई है।

सीएम ने जताया दुखः हादसे में घायल 22 लोगों को मसूरी में सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि सात मैक्स में भर्ती हैं। इनमे से दो की मौत बताई जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर गहरा दुख जाहिर करते हुए कहा कि- देहरादून-मसूरी हाइवे पर बस के खाई में गिरने का समाचार अत्यंत दुःखद है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान एवं घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। सम्बंधित अधिकारियों को घायलों के बेहतर उपचार हेतु निर्देशित किया गया है ।

**नाम पता मृतक-**

1- सुधा पत्नी सुधाकर लखेड़ा निवासी बाराकैंची मसूरी उम्र 40 वर्ष।
2- महक पुत्री सुधाकर लखेड़ा निवासी उपरोक्त उम्र 15 वर्ष ।

नाम पता घायल -

1- शुभम पुत्र सत्यवीर निवासी मेरठ उम्र 18 वर्ष
2- आशु पुत्र सतीश निवासी उपरोक्त उम्र 28 वर्ष
3- रेखा पत्नी सतीश निवासी उपरोक्त उम्र 40 वर्ष
4- रामनरेश पुत्र अमर सिंह निवासी उपरोक्त उम्र 38 वर्ष
5- आंचल पुत्री सतीश कुमार निवासी उपरोक्त उम्र 20 वर्ष
6- पुपेन्द्र सिंह राणा पुत्र भगवान सिंह उम्र 28 वर्ष
7- मग्गू सिंह पुत्र सतेन्द्र सिंह निवासी मुरादाबाद उम्र 28 वर्ष
8- शिवानी पत्नी मग्गू सिंह निवासी उपरोक्त उम्र 24 वर्ष
9- रुपा पत्नी नरेश निवासी मुरादाबाद उम्र 26 वर्ष
10- काव्या पुत्री नरेश निवासी उपरोक्त उम्र 08 वर्ष
11- नकुल पुत्र नरेश निवासी उपरोक्त उम्र 04 वर्ष
12- एक माह का बच्चा जिसका नाम नही रखा है
13- सुमन पत्नी अनिल निवासी हैकमन्स होटल मालरोड़ मसूरी उम्र 36 वर्ष
14- राधिका पुत्री अनिल निवासी उपरोक्त उम्र 13 वर्ष
15- योगेश कुमार पुत्र मंगल चन्द निवासी जयपुर राजस्थान उम्र 80 वर्ष
16- गोविन्द सैनी निवासी जयपुर राजस्थान उम्र 26 वर्ष
17- शिवम बंसल उपरोक्त उम्र 24 वर्ष
18- योगेश निवासी उपरोक्त उम्र 30 वर्ष
19- हर्षत शर्मा निवासी उपरोक्त उम्र 25 वर्ष
20- प्रदीप निवासी नजबगढ़ सहारनपुर उम्र 55 वर्ष
21- सुनील निवासी विनय विहार मुरादाबाद उम्र 50 वर्ष
22- जितेश निवासी ज्योति कॉलोनी नई दिल्ली उम्र 35 वर्ष
23- मोनिका पत्नी जितेश निवासी उपरोक्त उम्र 32 वर्ष
24- जागृति पुत्री जितेश निवासी उपरोक्त उम्र 07 वर्ष
25- आरिप पुत्र जितेश निवासी उपरोक्त उम्र 04 वर्ष
26- प्रीति निवासी पिल्लुखेड़ा मण्डी जिन्द हरियाणा उम्र 20 वर्ष
27- रवि निवासी उपरोक्त उम्र 24 वर्ष
28- आशा निवासी उपरोक्त
29- हिमानी निवासी उपरोक्त उम्र 25 वर्ष
30- श्रीमती गुरलीन निवासी उपरोक्त उम्र 24 वर्ष
31- सुखदेव सिंह कैन्तुरा निवासी घण्टाघर लण्डौर मसूरी दे0दून
32- श्रीमती अनिता शर्मा पत्नी नरेश कुमार शर्मा नि0 जोशी कॉलोनी पड़पडग़ंज इन्डसट्रियल एरिया दिल्ली उम्र 48 वर्ष
33- सलमा खातून पत्नी तसलीन निवासी बुचडख़ाना मसूरी दे0दून उम्र 65 वर्ष
34- रजनी सिसोदिया पत्नी मुकुल सिसोदिया नि0 रोशन बाग दयालबाग आगरा उम्र 24 वर्ष
35- मुकुल सिसोदिया पुत्र धर्मेन्द्र सिसोदिया निवासी उपरोक्त उम्र 35 वर्ष
36- मुकुल कुमार शर्मा पुत्र नरेश कुमार शर्मा नि0 जोशी कॉलोनी पड़पडग़ंज इन्डसट्रियल एरिया दिल्ली उम्र 19 वर्ष
37- रोबिन पुत्र समय सिंह (चालक)
38- विक्रम पुत्र मुकुन्द सिंह बिष्ट (परिचालक)

# आप समय से पहले बूढ़ा होने से बच सकते हैं

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट, 3 अप्रैल, बुढ़ापा हर किसी को आना है लेकिन अगर आप समय से पहले बूढ़ा होने से बच सकते हैं। हालांकि दुनिया की कोई चीज उम्र बढ़ने को नहीं रोक सकती लेकिन जीवन में छोटे-छोटे काम करके आप उम्र बढ़ने के लक्षणों को जरूर कम कर सकते हैं। जवानी में शरीर मजबूत और स्वस्थ रहता है। आपको बीमारियों का भी उतना खतरा नहीं होता है लेकिन जैसे ही उम्र 30 के पार हो जाती है, शरीर भी कमजोर और बूढ़ा होने की राह पर चलने लगता है।

**ओमेगा-3 है सेहत का खजाना**

न्यूट्रिशनिस्ट एंड डाइटीशियन के अनुसार, हेल्दी एंड फिट रहने और बढ़ती उम्र को काबू करने के लिए डाइट, एक्सरसाइज, तनाव और नींद चार मजबूत स्तंभ हैं। इनमें भी डाइट का सबसे अहम रोल होता है। 30 की उम्र में अप क्या खाते-पीते हैं, इससे तय होता है कि आने वाले 10-15 साल स्वास्थ्य के लिहाज से आपके लिए कैसे रहने वाले हैं। चलिए जानते हैं कि उम्र के इस पड़ाव पर आपका डाइट प्लान कैसा होना चाहिए।

अधिक फाइबर खाने से हार्ट डिजीज, स्ट्रोक, टाइप 2 डायबिटीज और कोलोरेक्टल कैंसर का खतरा कम हो जाता है। आपके शरीर को 31 ग्राम फाइबर प्रति दिन मिलना चाहिए। इसलिए अपनी प्लेट को फलों, सब्जियों, साबुत अनाज और फलियों से भर दें क्योंकि इनमें फाइबर की मात्रा अधिक पाई जाती है।

यह पोषक तत्व बेहतर मूड, दिमागी कामकाज को बेहतर बनाने, सूजन कम करने, उम्र बढ़ाने के साथ-साथ कार्डियोवैस्कुलर डिजीज का खतरा कम करने में सहायक है। आपको अपनी डाइट में वसायुक्त मछली है जैसे सैल्मन या सार्डिन के अलावा अखरोट, चिया सीड्स और हैम्प सीड्स आदि को शामिल करना चाहिए।

युवावस्था में हड्डियों का घनत्व बनता है और 25-30 साल की उम्र तक नई हड्डियों का निर्माण पूरा हो जाता है। 30 के बाद हड्डियों को नुकसान होना शुरू हो जाता है और उनमें कमजोरी आने लगती है। इसलिए कैल्शियम पर ध्यान देना जरूरी है। इस उम्र में हाई कैल्शियम फ़ूड जैसे दही, पनीर, ब्रोकोली, पालक, केल और बादाम का अधिक सेवन करना चाहिए।





इस उम्र के बाद आपको मांस से ज्यादा प्लांट बेस्ड फ़ूड्स पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। फल, सब्जियां, साबुत अनाज, नट, बीज, बीन्स आदि का खूब सेवन करना चाहिए। इनमें विटामिन, मिनरल्स, एंटीऑक्सिडेंट और फाइबर जैसे पोषक तत्वों की संख्या अधिक होती है, जो आपको मोटापे, डायबिटीज, ह्रदय रोग, सूजन और कैंसर जैसे रोगों से बचा सकते हैं।

प्रोटीन मसल्स ग्रोथ औत कमजोर शरीर को ताकतवर बनाने के लिए जरूरी है। 30 की उम्र के बाद शरीर को इसकी जरूरत होती है। पुरुषों को रोजाना कम से कम 55 ग्राम और महिला को 45 ग्राम प्रोटीन लेना चाहिए। इसके लिए आपको अंडे, चिकन, डेयरी उत्पाद, प्लांट बेड प्रोटीन जैसे दाल, फलियां आदि का खूब सेवन करना चाहिए।

# बुढ्ढे चूहे ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड - हैरान हुए वैज्ञानिक





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट, 3 अप्रैल, चूहों की औसत उम्र दो साल से भी कम होती है। लेकिन, आज हम आपको ऐसे चूहे से मिलाने वाले हैं जो उम्र के इस पड़ाव को कहीं पीछे छोड़ चुका है। इसे चूहों का पितामह कहा जा सकता है। दुनिया के सबसे बुजुर्ग चूहे का खिताब इसके नाम है। यह चूहा 9 फरवरी 2023 को 9 साल 210 दिन का हो गया था। इस चूहे का नाम पैट्रिक स्टीवर्ट है। प्यार से इसे पैट कहा जाता है। इतनी उम्र तक आज तक कोई चूहा जिंदा नहीं रहा है।

**पैट्रिक स्टीवर्ट गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज**

पैट्रिक से पहले फ्रिट्जी के नाम सबसे अधिक उम्र के चूहे का रिकॉर्ड दर्ज था। फ्रिट्जी 1977 से 1985 तक जिया था। 7 साल 225 दिन जीकर वह मर गया था। ब्रिटेन के ब्रिजेट बियर्ड के पास यह यह चूहा था। 9 साल 210 दिन का पैट्रिक पैसिफिक पॉकेट माउस है। इसे उत्तरी अमेरिका में चूहों की सबसे छोटी प्रजाति माना जाता है। एक समय चूहों की इस प्रजाति को विलुप्त मान लिया गया था। लेकिन, 1993 में इसकी छोटी सी आबादी को दोबारा खोजा गया था। पैट्रिक स्टीवर्ट का नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज है।

चूहों की जिस प्रजाति का पैट्रिक है, उनकी औसत उम्र एक से दो साल होती है। पिंजरे में रहें तो यह बढ़कर चार से छह साल हो जाती है। हालांकि, पैट्रिक इन चूहों से अलग है। वह कैलिफोर्निया के सैन डिएगो चिड़ियाघर में 9 साल से ज्यादा बिता चुका है। पैट्रिक जन्म से इसी चिड़ियाघर में है। इस चूहे का जन्म 12 जुलाई, 2013 को हुआ था। इसका नाम मशहूर एक्टर पैट्रिक स्टीवर्ट के सम्मान में रखा गया था।

## महिलाओं को स्वरोजगार के लिए दिया प्रशिक्षण

रुडक़ी। नगर में सेवा भारती संस्था की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। इसमें बाल संस्कार केंद्रों पर बच्चों की संख्या बढ़ाने की रणनीति तैयार की गई। महिलाओं को स्वरोजगार से जोडक़र आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें सेनिटाइजर व सेनेटरी पैड बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। सेवा भारती के प्रांतीय अध्यक्ष नरेंद्रपाल रावत ने बैठक की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि संस्था समाज के पिछड़े और वंचित वर्ग के लोगों में स्वावलंबन का संचार कर रही है ताकि उन्हें मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। देहात में बच्चों को अपनी सबसे प्राचीन, सबसे समृद्ध संस्कृति व सभ्यता से जोडने के लिए बाल संस्कार केंद्र चलाए जा रहे हैं। उन्होंने लक्सर में सेवा भारती की टीम गठित करने के निर्देश दिए।

## मन वचन और कर्म से श्रेष्ठ ही आर्य है : डॉ. निशंक

रुडक़ी। लक्सर में आर्य समाज के 88वें वार्षिक समारोह के तीसरे दिन रविवार को हवन व पूजन किया गया। इसके बाद आर्य समाज के विद्वानों ने भजन व प्रवचन के द्वारा लोगों को आध्यात्म के साथ जुडक़र मनुष्य बनने की अपील की। रविवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने बसेड़ी रोड पर आर्य समाज मंदिर में समारोह के तीसरे दिन के कार्यक्रमों की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि शास्त्रों के मुताबिक जो व्यक्ति मन, वचन और कर्म से श्रेष्ठ है, उसी को आर्य कहा जाता है। आर्य शब्द का प्रयोग महाकुल, कुलीन, सभ्य, सज्जन, साधु के लिए होता है। इसके बाद आर्य समाज के विद्वान अनुज शास्त्री, ऋषिपाल पथिक, अंकिता आर्य ने भजन व प्रवचन प्रस्तुत करते हुए लोगों को आध्यात्म की जानकारी दी।

## संक्षिप्त खबरें

### कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

रुडक़ी। पेट्रोल पंप के पास कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल हो गए। गांव राजूपुर उत्तर प्रदेश निवासी इस्लाम और सलमान अहमद किसी काम से अपनी रिश्तेदारी झबरेड़ा आ रहे थे। वह कस्बा स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तो पीछे से तेज गति से आ रही कार की चपेट में आ गए। टक्कर लगते ही दोनों बाइक के साथ सडक़ पर गिरकर घायल हो गए। इस बीच कार सवार घटनास्थल से फरार हो गया।

### धूमधाम से मनाई महर्षि कश्यप जयंती

रुडक़ी। कश्यप निषाद संगठन की ओर से नगर में महर्षि कश्यप जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस मौके पर हवन पूजन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। लोगों को कश्यप समाज के इतिहास की जानकारी देने के लिए कई तरह की आकर्षक झांकियां बनाकर उनका प्रदर्शन किया गया। सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन, संजय गुप्ता और रानी देवयानी सिंह के साथ दीपक जलाकर महर्षि कश्यप जयंती कार्यक्रम की शुरूआत की। सांसद ने कहा कि महर्षि कश्यप एक महापुरुष थे। उन्होंने सिर्फ एक समाज के लिए नहीं बल्कि पूरी मानव जाति की भलाई के लिए काम किए। पूर्व विधायक चैंपियन ने कहा कि अच्छी शिक्षा से ही समाज की तरक्की हो सकती है। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया। पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने महर्षि कश्यप को भगवान का अवतार बताया।

### महिलाओं को सिखाएं आत्मरक्षा के गुर

रुडक़ी। पुलिस और गौरा शक्ति टीम ने महिलाओं को आत्म सुरक्षा के लिए जागरूक किया। प्रशिक्षण अभियान में 65 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। रविवार को पुलिस ने गौरा शक्ति को लेकर औद्योगिक क्षेत्र रायपुर में पहुंचकर महिलाओं की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। अभियान में गौरा शक्ति टीम की ओर से महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया। इसमें टीम का नेतृत्व कर रही उपनिरीक्षक अंजना चौहान ने महिलाओं को अपराधों और उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक कर सशक्त बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया। उन्होंने महिलाओं से अन्य महिलाओं को भी जागरूक करने की अपील की। इस अवसर पर कांस्टेबल अनुपमा, हेमा धस्माना, रितु शर्मा, सुष्मिता, शोभा की ओर से महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए।

### शहीदों के परिवार ने श्रद्धांजलि अर्पित की

रुडक़ी। स्वतंत्रता सेनानी और शहीदों को उनके परिवारों ने पुष्पांजलि अर्पित की। प्रत्येक महीने के प्रथम रविवार को 10 बजे 10 मिनट अपने पूर्वजों के नाम अभियान शुरू किया गया है। स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति के मीडिया प्रभारी श्रीगोपाल नारसन ने बताया कि पूरे देश के विभिन्न जिलों के साथ ही रुडक़ी में भी स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति के अध्यक्ष देशबंधु, कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र सैनी के नेतृत्व में सुनहरा वट वृक्ष और ब्लॉक कार्यालय परिसर में बने स्वतंत्रता सेनानी स्तंभ पर जाकर क्षेत्र के शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। हरिद्वार में भी स्वतंत्रता सेनानी स्मृति स्तंभ कोतवाली के सामने, शहीदों को पुष्पांजलि समर्पित की गई।

# वित्त मंत्री और राज्यसभा सांसद ने श्री दरबार साहिब में टेका मत्था





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 3 अप्रैल , वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल व राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने सपत्नीक श्री दरबार साहिब में मत्था टेका। उत्तराखण्ड के इन दो ख़ास शख्सियतों ने अपने अपने परिवारों के साथ श्री दरबार साहिब के श्रीमहंत देवेन्द्र दास जी महाराज से शिष्टाचार भेंट की व प्रदेश के विभिन्न समसामियक विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। श्रीमहंत देवेन्द्र दास जी महाराज ने श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल, श्री गुरु राम राय इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एण्ड हैल्थ साइंसेज़ एवम् श्री गुरु राम राय विश्वविद्याल की ओर से किए जा रहे कार्यों से दोनों लोगों को अवगत करवाया।

वित्त मंत्री ने श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल व श्री गुरु राम राय ग्रुप के संस्थानों के द्वारा किए जा रहे कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की वहीं राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल को उत्तराखण्ड राज्य व पश्चिम उत्तर प्रदेश के मरीजों की लाइफलाइन बताया। राज्यसभा सांसद नरेश बंसल सत्पनीक श्री दरबार साहिब पहुंचे, वहीं दोपहर के समय वित्त मंत्री भी श्री दरबार साहिब पहुंचे । श्री दरबार साहिब की परंपरा के अनुसार राज्यसभा सांसद, उनकी धर्मपत्नी, वित्त मंत्री व उनकी धर्मपत्नी का स्वागत किया गया।

श्री महाराज जी ने राज्यसभा सांसद को रूद्राक्ष का पौधा व श्री दरबार साहिब का स्मृति चिन्ह भेंट किया। दोपहर के समय श्री दरबार साहिब पहुंचे वित्त मंत्री व श्री महाराज जी के बीच स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा, शोध व जैविक खेती जैसे विषयों पर गहन विचार विमर्श हुआ। श्री महाराज जी ने ने वित्त मंत्री को रुद्राक्ष का पौधा व श्री दरबार साहिब का स्मृति चिन्ह भेंट किया। श्री महाराज जी ने श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के अन्तर्गत संचालित जैविक खेती से जुड़े विभिन प्रोजेक्ट्स की जानकारी दी। उन्होने श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के शोधार्थियों द्वारा विभिन्न क्षेत्र में किए जा रहे शोध कार्यों से भी अवगत करवाया।

# लेखपाल की रिपोर्ट पर कुंआखेड़ा की सौ बीघा जमीन कुर्क करने के आदेश

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

रुडक़ी। कुंआखेड़ा में एक पक्ष ने विवादित जमीन से पॉपुलर के पेड़ काट डाले। दूसरे पक्ष की सूचना पर पहुंचे लेखपाल ने कटाई तो रुकवा दी, लेकिन कटे हुए पेड़ वही लोग उठाकर साथ ले गए। जांच में पेड़ ग्रामसभा के निकले है। लेखपाल की रिपोर्ट पर एसडीएम ने करीब सौ बीघा जमीन कुर्क करने के आदेश पुलिस को दिए हैं। कुंआखेड़ा निवासी कर्णपाल और आनंद के बीच गांव के रसूलपुर एहतमाल मजरे में खेती की करीब पचास बीघा जमीन के मालिकाना हक का विवाद न्यायालय में चल रहा है। यह जमीन दो अलग-अलग खसरा नंबर की है। इन दोनों नंबरों के बीच इतनी ही ग्राम सभा की जमीन भी है। फिलहाल लगभग सौ बीघा जमीन एक पक्ष के कब्जे में है। इसी हफ्ते एक पक्ष ने जमीन पर खड़े पॉपुलर के पेड़ों की कटाई शुरू कर दी। दूसरे पक्ष के सुभाष चंद ने इसकी सूचना पुलिस और प्रशासन को दी। पुलिस के साथ पहुंचे लेखपाल ने कटाई रुकवा दी और कटे पेड़ सुपुर्दगी में देने के लिए ग्राम प्रधान को बुलवाया। लेकिन प्रधान के आने से पहले ही कटाई करने वाले लोग कटे पड़े पेड़ों को जबरन अपनी ट्राली में लादकर ले गए।

इसके बाद लेखपाल ने जिस जमीन से पेड़ काटे गए थे, उसकी पैमाइश की। पैमाइश में जमीन और काटे गए पेड़ ग्राम समाज के निकले। इस पर लेखपाल ने एसडीएम को रिपोर्ट दी। रिपोर्ट पर एसडीएम गोपालराम बिनवाल ने पूरी सौ बीघा जमीन धारा 45 के तहत कुर्क करने के आदेश लक्सर पुलिस को दिए हैं। एसएसआई अंकुर शर्मा का कहना है कि सोमवार को कानूनगो और लेखपाल के साथ पुलिस टीम मौके पर जाएगी और जमीन को कुर्क कर अपने कब्जे में लेगी। उधर एसडीएम गोपालराम ने बताया कि जमीन पर खड़ी गन्ने और गेहूं की फसल भी नीलाम कराई जाएगी।

# लक्सर में पांच स्टोन क्रशर सील

रुडक़ी। अवैध रूप से खनन सामग्री खरीदने और बेचने की शिकायत पर खनन विभाग की टीम ने लक्सर क्षेत्र में छापेमारी कर दस से अधिक स्टोन क्रशरों की जांच की है। जांच में स्टॉक से ज्यादा खनिज सामग्री मिलने पर टीम ने पांच क्रशर सील कर दिए। अब मापतोल के बाद क्रशर मालिकों से जुर्माना वसूला जाएगा। जिला प्रशासन को शिकायत मिली थी कि लक्सर क्षेत्र के कुछ स्टोन क्रशर अपने चहेतों से गंगा और बाणगंगा नदी में अवैध खनन करवाते हैं। और खनिज सामग्री को रवन्ना काटे बिना बेच रहे हैं, जिससे सरकार को हर महीने करोड़ों के राजस्व का नुकसान हो रहा है। डीएम विनय शंकर पांडे ने खनन विभाग को जांच के आदेश दिए थे। आदेश पर जिला खनन अधिकारी ने शनिवार को अपनी टीम के साथ लक्सर क्षेत्र में ताबड़तोड़ छापे मारे।

टीम ने दस से अधिक स्टोन क्रशरों की जांच की। टीम की जांच में पांच स्टोन क्रशरों पर गड़बड़ी की पुष्टि हुई। बताया गया है कि इन क्रशरों पर उनके वैध स्टॉक से हजारों टन ज्यादा खनिज सामग्री का भंडारण किया गया था। इस पर टीम ने पांचों क्रशर सीज कर दिए हैं। टीम के प्रभारी जिला खनन अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि पांच क्रशर सीज किए गए हैं। इनकी विस्तृत जांच के लिए खनन और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बना दी गई है। टीम क्रशर पर मौजूद खनिज सामग्री की पूरी मापतोल करेगी। वहां जितनी सामग्री वैध स्टॉक से ज्यादा मिलेगी, उस पर नियमानुसार राजस्व और जुर्माना लगाकर क्रशर स्वामी से इसकी वसूली की जाएगी।

## धर्म घटों से हो रही गरीब बच्चों की मदद

उत्तरकाशी। शिव नगरी उत्तरकाशी में धर्म घटों के माध्यम से निर्धन गरीब छात्र-छात्राओं को शिक्षण साम्रग्री बांटी जा रही है। पवित्रा लीला बाल वाटिका ज्ञानसू उत्तरकाशी के प्रबंधक अजय प्रकाश बडोला ने बताया कि पिछले पांच साल से धर्म घटों के माध्यम से सरकारी विद्यालयों के पितृविहीन निर्धन छात्रों को विभिन्न शिक्षण सामग्री के लिए धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। जिसमें बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ अभियान को साकार करने की परिकल्पना भी शामिल है। उन्होंने बताया कि शहर के इच्छुक लोग गरीब बच्चों की मदद के लिए धर्म घटों में सामग्री दान कर सकता है। दीपक मटूड़ा, अर्चना रतूडी, अंकित उप्पल, सुभाष बडोनी, सावित्री रावत, विनीता बडोनी, अर्चना मुरारी, रेशमा मुरारी, रीना आदि भी इसमें सहयोग कर रहे हैं।

## अस्पताल की पार्किंग से एक कार चोरी

हरिद्वार। हरिद्वार रुडक़ी हाईवे पर भूमानंद अस्पताल की पार्किंग से एक कार चोरी कर ली गई। वाहन स्वामी की शिकायत पर ज्वालापुर पुलिस ने पार्किंग संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कनखल के पुरुषोत्तम विहार निवासी होटल व्यावसायी गुलशन टुटेजा पुत्र आनंद प्रकाश टूटेजा के भाई का 31 मार्च को अस्पताल में ऑपरेशन था। उन्होंने अपनी कार पार्किंग में पार्क की थी, लेकिन दोपहर के वक्त जब वह वहां पहुंचे तो कार गायब थी। पार्किंग संचालक से पूछने पर वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। सूचना मिलने पर जब पुलिस पहुंची तब सामने आया कि पार्किंग का न तो कोई गेट है और न ही सीसीटीवी कैमरे लगे हुए है। कोतवाली प्रभारी आरके सकलानी ने बताया कि पार्किंग संचालक मुकेश कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, मामले की जांच की जा रही है।

## चाकू के साथ दो युवक पकड़े

हरिद्वार। ज्वालापुर पुलिस के हत्थे चढ़े दो युवकों के कब्जे से चाकू बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार शनिवार शाम को चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो युवकों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर युवकों के पास से चाकू बरामद हुए। कोतवाली प्रभारी आरके सकलानी ने आरोपियों की पहचान रोहित सैनी, निवासी ग्राम मंडावर भगवानपुर और राहिल, निवासी गांव सराय ज्वालापुर के रूप में कराई।

## संक्षप्ति खबरें

### केदारघाट पर लोगों को योगासन के गुर सिखाए

उत्तरकाशी। उत्तरकाशी के केदारघाट स्थित गंगा आरती स्थल पर रेडक्रॉस टॉक्स एंड योग वर्कशॉप कार्यक्रम के तहत योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान गिनीज बुक ऑफ वल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने वाली योगाचार्या डॉ. प्रिया आहुजा ने स्थानीय निवासियों को योगासन कराए तथा इसके फायदों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रविवार को केदारघाट गंगा आरती स्थल पर सुबह सात बजे दीप प्रज्वलन तथा गंगा आरती के साथ योगा कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद डॉ. प्रिया आहुजा ने बच्चे, युवा और बुजुर्गों को विभिन्न योगासन करवाए। इस दौरान डॉ. प्रिया ने सूर्य नमस्कार, भुजंगासन, बुद्ध पद्मासन, भद्रासन, चक्रासन, धनुरासन, हलासन, गोमुखासन, अष्टवक्रासन आदि के योगासन करवाकर इसके फायदों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सुबह खुली हवा में योगसन करने के अलग फायदे हैं। इससे स्वस्थ जीवन की कल्पना को साकार किया जा सकता है। जीवन के हर लक्ष्य और योग और ध्यान की मदद से पाया जा सकता है। इस मौके पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन माधव प्रसाद जोशी, लोकेंद्र सिंह बिष्ट, सभासद महावीर चौहान, जय प्रकाश भट्ट, राजेश जोशी, अनिरूद्ध उभान, आकाश भट्ट आदि थे।

### उत्तरकाशी में स्वयं सेवकों ने किया पथ संचलन

उत्तरकाशी। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने नगर के मुख्य मार्गो पर पथ संचलन किया। संचलन के दौरान महिलाओं ने स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर स्वयं सेवकों का भव्य स्वागत किया। रविवार को पथ संचलन सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज ज्योतिपुरम से शुरू हुआ। भैरवचौक, कोर्ट रोड, विश्वनाथ चौक, हनुमान चौक, मुख्य बाजार, पेट्रोल पंप,भटवाड़ी रोड़ होते हुए स्वयं सेवक पुनः सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज ज्योतिपुरम पहुचे। पथ संचलन से पूर्व आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ताविभाग प्रचारक पारस ने कहा कि संघ 1925 से प्रारंभ होकर आज पूरे विश्व में वटवृक्ष की तरह छांव के रूप में सेवाएं दे रहा है। पारस ने कहा किराष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ शुरु से ही अपने आप को पूरे समाज का एक संगठन मानता आ रहा है। पथ संचलन में जिला प्रचारक अजय, जिला कार्यवाह कमलेश्वर रतूड़ी, नगर संघ चालक मोहन तलवाड़, गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान, खंड बौद्घिक प्रमुख ओमप्रकाश सेमवाल, पवन नौटियाल, प्रकाश लखेड़ा, देवीप्रसाद नौटियाल, कृष्णानंद शर्मा, पूर्णानंद भट्ट आदि शामिल रहे।

### श्रीगंगा सभा हर रविवार को गंगा घाटों पर चलाएगी सफाई अभियान

हरिद्वार। श्री गंगा सभा प्रत्येक रविवार को गंगा घाटों पर सफाई अभियान चलाएगी। रविवार को हरकी पौड़ी पर मां गंगा का पूजन कर इस अभियान की शुरुआत की गई। सभा के श्री गंगा सेवक दल के तत्वावधान में यह अभियान चलाया जाएगा। गंगा सभा के महामंत्री तन्मय वशिष्ठ ने कहा कि मां गंगा हम सभी की पूज्य हैं। रोजाना लाखों की संख्या में श्रद्धालु धार्मिक संस्कार करने यहां आते हैं। मां गंगा के तट साफ और स्वच्छ रहें, इसके लिए सभा संकल्पबद्ध है। श्री गंगा सेवक दल के तत्वावधान में इस अभियान का श्रीगणेश किया गया है। शीघ्र ही इस अभियान में सभी का सहयोग लिया जाएगा। दलपति पुनीत त्रिपाठी और सचिव उज्ज्वल पंडित ने कहा कि प्रत्येक रविवार को तीर्थ पुरोहितों के साथ हरिद्वार के अन्य लोगों का सहयोग लेते हुए इस स्वच्छता अभियान को चलाया जाएगा। स्वच्छता के साथ-साथ जागरूकता अभियान भी समय-समय पर चलाए जाएंगे। जिससे हमारे युवाओं को श्री गंगा जी की धार्मिक और सामाजिक महत्वता की जानकारी भी हो सके। इस अवसर पर श्री गंगा सभा के स्वागत मंत्री डॉ. सिद्धार्थ चक्रपाणी, सचिव अवधेश पटुवर, शिवांकर चक्रपाणी, दीपांकर चक्रपाणी, पुनीत झा, वैभव भक्त, अंश झा, प्रणव सिखोला, अंश त्रिपाठी, प्रदीप जयवाल, हिमांशु ख्याली के आदि उपस्थित रहे।

# सीएम धामी के निर्देशन में SSP अजय सिंह को मिली बड़ी कामयाबी

## पेपर लीक प्रकरण में S.I.T. ने 50 हजार के ईनामी संजय धारीवाल को नारसन से दबोचा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार, 3 अप्रैल, पटवारी पेपर लीक प्रकरण में परीक्षा निवारण व 8 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में फरार चल रहे पचास हजार के इनामी अभियुक्त संजय धारीवाल, मौहम्मदपुर जट कोतवाली मंगलौर को S.I.T. टीम ने नारसन क्षेत्र से पकड़ने में सफलता हासिल की है।अपने गिरोह के साथ मिलकर पटवारी/लेखपाल एवं JE/AE भर्ती में अभ्यर्थियों से लाखों रुपए व ब्लैंक चैक प्राप्त कर गिरफ्तारी से बचने व गिरफ्तारी स्थगित कराने तथा सरेंडर का प्रयास कर रहे फरार अभियुक्त संजय धारीवाल पर आईजी गढवाल रेंज श्री करण सिंह नगन्याल द्वारा 50,000/- (पचास हजार रुपए) का इनाम घोषित किया गया था।

फरार अभियुक्त को सलाखों के पीछे पहुंचाने के लिए लगातार दबिश दे रही S.I.T. टीम ने अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर नारसन से गिरफ्तार किया। अभियुक्त की निशांदेही पर अभ्यर्थियों को नकल स्थलों तक लाने व परीक्षा केन्द्रों तक ले जाने में प्रयुक्त वाहन एचआर 75 – 5692 को अभियुक्त के मौहम्मदपुर जट हरिद्वार स्थित घर से बरामद कर अभियुक्त के भाई सुधीर के करनाल हरियाणा स्थित मकान से कुल 425000/- (चार लाख पच्चीस हजार रुपये) व दो ब्लैंक (हस्ताक्षरित) चैक बरामद किये। अभियुक्त द्वारा उक्त धनराशि में से एक लाख दस हजार रुपये पटवारी भर्ती तथा तीन लाख पन्द्रह हजार रुपये व दोनों चैक एई /जेई भर्ती से सम्बन्धित छात्रो से लिए गए थे।

मुकदमा की विवेचना के दौरान पूर्व में ही अभियुक्त को प्रश्रय देने पर भाई सुधीर व बहन के जमाई दीपेन्द्र पंवार उर्फ सोनू पुत्र ऋषिपाल सिंह निवासी मुकन्दरपुर थाना गदरपुर जिला उधम सिंह नगर (कोचिंग संचालक) को गिरफ्तार किया जा चुका है। दोनों अभियोगों (पटवारी एवं JE/AE) में वर्तमान तिथि तक कुल 38 अभियुक्त गिरफ्तार किये जा चुके हैं। विवेचना प्रचलित है।




- लगातार फरार रहकर जमानत की जोड़तोड़ कर रहे वांछित पर घोषित था पचास हजार का इनाम
- पटवारी एवं JE/AE पेपर लीक प्रकरण में मुख्य षड़यन्त्रकर्ता है अभियुक्त संजय धारीवाल
- टीम ने अभियुक्त के भाई के मकान (करनाल हरियाणा) से 4 लाख 25 हजार कैश व 02 ब्लैंक चैक किए बरामद
- पटवारी व JE/AE दोनों प्रकरणों में गिरफ्तार अभियुक्तों की संख्या पहुंची 38

## नरीमन चौराहे से मंडी तक सड़क का जीर्णोद्धार शुरू

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हल्द्वानी। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने नरीमन चौराहे से मंडी तक सड़क जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ किया। एनएच 12.33 करोड़ से 9 किलोमीटर सड़क का जीर्णोद्धार कराएगा। केंद्रीय राज्य मंत्री भट्ट ने नरीमन चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में सड़क का जीर्णोद्धार कार्य शुरू कराया। उन्होंने कहा कि यह मार्ग एनएचएआई के पास होने से सुधारीकरण का कार्य नहीं हो पा रहा था। इसके चलते मार्ग को एनएच को हस्तांतरित कराया गया है। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में मंडी से तीनपानी तक सड़क को मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत चौड़ा और सुंदर बनाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। कहा कि शहर के विकास के लिए सरकार निरंतर बजट दे रही है। शहर में यातायात के दबाव को कम करने के लिए 82 लाख रुपये से फ्लाईओवर के लिए सर्वे किया जा रहा है। कहा अधिकारियों और व्यापारियों के बीच समन्वय स्थापित कर फ्लाईओवर कार्य में तेजी लाई जाएगी।

**42 हेक्टेयर क्षेत्र में बनेगा बॉयो डायवर्सिटी पार्क :** हल्द्वानी। केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट ने रविवार को गौलापार में प्रस्तावित बॉयो डायवर्सिटी पार्क का निरीक्षण किया। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से पार्क के निर्माण की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि 42 हेक्टेयर भूमि पर पार्क प्रस्तावित है। पार्क को जैव विविध की वनस्पतियों के साथ ही पर्यटन को ध्यान में रखते हुए आकर्षक बनाया जाएगा। मौके पर मीडिया से बातचीत में भट्ट ने कहा कि दूरदराज से आने वाले पर्यटकों के लिए हल्द्वानी में कोई टूरिस्ट डेस्टिनेशन नहीं है, इसीलिए सरकार बॉयो डायवर्सिटी पार्क के साथ ही क्षेत्र में जू का निर्माण करेगी। इस दौरान मुख्य वन संरक्षक कुमाऊं पीके पात्रों, डीएफओ संदीप कुमार, एडीएम अशोक जोशी, एसडीएम मनीष कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, रेनू अधिकारी, साकेत अग्रवाल, विजय मनराल, मुकेश बेलवाल, नवीन भट्ट, दीपक पांडे, लक्ष्मण खाती, प्रकाश हर्बोला, भावना शाह, प्रदीप बिष्ट, पान सिंह मेवाड़ी, प्रताप रैक्वार, बालम बिष्ट, प्रकाश बिष्ट मौजूद रहे।

## मेडिकल कॉलेजों से हटेंगे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारियों को मेडिकल कॉलेजों से हटाया जाएगा। महानिदेशक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा निदेशक के बीच जल्द ही इस संदर्भ में बैठक होने जा रही है। इस बैठक के बाद कर्मचारियों को हटाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। विदित है कि महानिदेशक स्वास्थ्य डॉ विनीता शाह ने राज्य के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में तैनात स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को वापस मूल विभाग लौटने के निर्देश दिए हैं। लेकिन मेडिकल कॉलेजों में कर्मचारियों की कमी को देखते हुए वापसी शुरू नहीं हो पा रही है। इसे देखते हुए महानिदेशक स्वास्थ्य और निदेशक चिकित्सा शिक्षा के बीच जल्द बैठक का निर्णय लिया गया है। महानिदेशक स्वास्थ्य डॉ विनीता शाह ने बताया कि मेडिकल कॉलेजों से स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारी हटाए जाने हैं। इस संदर्भ में निदेशक चिकित्सा शिक्षा को पत्र लिखा गया है। उन्होंने कहा कि निदेशक चिकित्सा शिक्षा के साथ जल्द बैठक जिसके बाद चरणबद्ध तरीके से कर्मचारियों की वापसी शुरू कर दी जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने राज्य के अस्पतालों में अटैचमेंट पर चल रहे कर्मचारियों को वापस मूल तैनाती पर भेजने के निर्देश दिए थे।

## सात अप्रैल को होगा आइसा का जिला सम्मेलन

हल्द्वानी। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) का जिला सम्मेलन 7 अप्रैल को रामनगर में आयोजित किया जाएगा। रविवार को प्रेस को जारी बयान में जिला संयोजक धीरज कुमार ने यह जानकारी दी। कहा कि युवा विरोधी नीतियों के कारण शिक्षा महंगी और रोजगार भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता जा रहा है। छात्रों और युवाओं की आवाज मजबूत करने के लिए संगठन का जिला सम्मेलन किया जा रहा है। इसकी तैयारी में जिले में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। हल्द्वानी, लालकुआं, नैनीताल, रामनगर के सहित पूरे जिले के प्रतिनिधि सम्मेलन में शामिल होंगे। बताया कि सम्मेलन में नई कार्यकारिणी का चुनाव करने के साथ ही रैली का भी आयोजन होगा।

## जनतंत्र बचाओ रैली को महिला कांग्रेसी दिल्ली रवाना

हल्द्वानी। राहुल गांधी की सदस्यता रद करने के विरोध में कांग्रेस की ओर से जनतंत्र बचाओ रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसमें शामिल होने के लिए हल्द्वानी से महिला कांग्रेसियों का एक दल रविवार दोपहर दिल्ली के लिए रवाना हुआ। हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने बस को रवाना किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट, नीमा भट्ट, शोभा बिष्ट, विमला सांगुड़ी, कमला सनवाल, राधा आर्या, गीता बहुगुणा, सविता गुरुरानी, भगवती बिष्ट, पुष्पा सम्मल, अलका आर्या आदि मौजूद रहे।

### सम्मेलन के लिए अफसरों को बनाया प्रभारी

हल्द्वानी। फ्रैजाइल माउंटेन इकोसिस्टम में शहरीकरण और विकास पर सम्मेलन का आयोजन 5 और 6 अप्रैल को उत्तराखंड प्रशासन अकादमी नैनीताल में किया जाएगा। इसमें उत्तराखंड के 22 शहरों के अलावा हिमालय, पूर्वोत्तर राज्यों के करीब 10 शहरों के नियोजक, प्रशासक और नीति निर्धारक प्रतिभाग करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### चोरी में फैक्ट्रीकर्मी गिरफ्तार

रुड़की। चोरी के सामान के साथ फैक्ट्रीकर्मी को गिरफ्तार किया गया है। किशनपुर गांव स्थित पंचवटी फैक्ट्री के जेएम दीपक अग्रवाल ने पुलिस को बताया था कि फैक्ट्रीकर्मी ने करीब पांच लाख की कीमत का ब्लेड चोरी कर लिया था। पुलिस ने बीते शनिवार रात जेएम की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। थाना प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि चोरी के सामान के साथ गौरव पुत्र नरेश निवासी धरोला थाना गागलहेड़ी सहारनपुर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया है।

### 18 मार्च को एमबीपीजी कॉलेज में कॅरियर ऑपर्चुनिटी सेमिनार आयोजित

हल्द्वानी। मुश्किल समय और तनाव से कैसे बाहर निकलें, इसके उपाय कुमाऊं कमिश्नर और आईजी सुझाएंगे। इसके लिए एमबीपीजी कॉलेज में 18 मार्च को कॅरियर ऑपर्चुनिटी सेमिनार आयोजित होगा। हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा दे चुके छात्र-छात्राओं के मन में आगे की पढ़ाई को लेकर कई उलझनें होती हैं। इसके अलावा वह अपने भविष्य को लेकर चिंतित रहते हैं। कई बार युवा अपने मन की बात अभिभावकों से नहीं कर पाते। साथ ही उन्हें कोई उचित राय देने वाला नहीं मिल पाता। इन समस्याओं को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने सेमिनार आयोजित करने का निर्णय लिया है, जिसमें कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत और आईजी डॉ. नीलेश आनंद भरणे युवाओं के अनसुलझे सवालों के जवाब देंगे। आईजी भरणे ने बताया कि सेमिनार 18 मार्च को हल्द्वानी के एमबीपीजी कॉलेज में होगा।

### नेशनल चैंपियनशिप में हल्द्वानी के 13 खिलाड़ियों को स्वर्ण

हल्द्वानी। मध्य प्रदेश के देवास में 27 से 31 मार्च तक आयोजित जु-जुत्सु नेशनल चैंपियनशिप में हल्द्वानी के 13 खिलाडियों ने स्वर्ण पदक जीते। जु-जुत्सु एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित चैंपियनशिप में जय दुर्गा मार्शल आट्र्स एकेडमी हल्द्वानी के प्रिंस लखेरा, सिद्धार्थ जोशी, आदर्श शर्मा, करुणा लखेरा, मृदुला शाही, रिनीशा लोहनी, रिया बृजवासी, कोमल अधिकारी, उन्नति बिष्ट, प्रियांशी साह, निकिता सती, मीनाक्षी ऐरी, याशिका बिष्ट ने स्वर्ण पदक जीता। रोहित मौर्य, विक्की मुखिया, रितिक डसीला ने रजत पदक प्राप्त किया। वहीं, हिमांशु बसेड़ा, सूरज पटवाल, विशाल मेहता, आरोह कुलेठा, कुनाल सागर, तन्मय तिवारी, उमंग बिष्ट, आर्यन टम्टा, कुमकुम बिष्ट, शीतल गोस्वामी, तनिष्का परिहार ने कांस्य अपने नाम किया। जु-जुत्सु एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के महासचिव एवं इंडिया अध्यक्ष विनय जोशी, सहायक खेल निदेशक सुरेश पांडे, जिला खेल अधिकारी राशिका सिद्दीकी, उप खेल अधिकारी जानकी कार्की, टीम मैनेजर अनीता लखेरा, जु-जुत्सु एसोसिएशन ऑफ नैनीताल के अध्यक्ष देवेंद्र रावत, हिमांशु कुलेटा, अनीता बोरा, सुमन साह, मनोज उप्रेती, सालनी भट्ट आदि मौजूद रहे।

### मिजोरम को हरा उत्तराखंड ने चखा जीत का स्वाद

हल्द्वानी। नेशनल महिला फुटबॉल चैंपियनशिप में आखिरकार मेजबान उत्तराखंड ने अपनी पहली जीत हासिल कर ली है। रविवार को खेले गए मुकाबले में उत्तराखंड ने मिजोरम को एकतरफा शिकस्त दी। 27वीं हीरो सीनियर राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप में इन दिनों कई राज्यों में 6 ग्रुप के मुकाबले खेले जा रहे हैं। गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में ग्रुप 2 के मुकाबले खेले जा रहे हैं। सातवें दिन रविवार को पहला मुकाबला उत्तराखंड और मिजोरम के बीच खेला गया। इसमें उत्तराखंड ने पहले हाफ में 3 और दूसरे हाफ में दो गोल कर मिजोरम की हार तय कर दी। भगवती चौहान ने 2, अदिति परमार, अंजलि क्षेत्री और अंजना थापा ने 1-1 गोल किया। दूसरे मुकाबले में महाराष्ट्र ने केरल को 1-0 से हराया। इस मौके पर मुख्य अतिथि उप निदेशक खेल सुरेश चंद्र पांडे, भाजपा प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, नृपेन हलधर, संजय रे, रिपुनाथ गोगोई, संदीप दास, मोहम्मद सलीम, राजेश कुमार, अख्तर अली, आरिफ अली, निधि बिंजोला, जीवन सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# सिद्धार्थ जेना रहे टीआईई (टाई) पिच फेस्ट के विजेता






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। टीआईई (टाई) देहरादून ने अपनी पहली क्षेत्रीय ग्लोबल पिच फेस्ट प्रतियोगिता, 2023 का आयोजन किया, जिसे ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में आयोजित किया गया, जिसकी मेजबानी राइस इन्क्यूबेशन सेंटर ने की।आमंत्रित सम्मानित ज्यूरी सदस्यों में श्री हरि बाला सुब्रमण्यम, आईआईएम कलकत्ता इनोवेशन पार्क में प्रतिबद्ध निवेश के सदस्य और एक निजी इक्विटी फंड आइवी कैप वेंचर के सलाहकार बोर्ड के सदस्य, श्री वीरेंद्र कालरा, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स वीरेंद्र कालरा एंड कंपनी के मैनेजिंग पार्टनर।3. श्री सैंड्रो स्टीफन, आईएएन के उपाध्यक्ष, श्री प्रकाश, प्रेसिडेंट, टीआईई देहरादून और स्विस फेडरल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से पोस्ट ग्रेजुएट इंजीनियर मौजूद थे। अन्य सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों में प्रो. (डॉ.) आर. गौरी, कुलपति, ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, प्रो. (डॉ.) संजय जसोला, महानिदेशक, ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी, देहरादून थे। प्रो. (डॉ.) एच.एन. नागराजा, महानिदेशक, ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, देहरादून और प्रो. (डॉ.) ज्योति छाबड़ा, को-ऑर्डिनेटर, राइस और डीन, स्कूल ऑफ डिजाइन मौजूद थे।

कार्यक्रम का संचालन सुश्री स्वरलीन कौर, सचिव, टीआईई देहरादून और एडवोकेट मिताली अरोड़ा, संयोजक, टीआईई विश्वविद्यालय, देहरादून द्वारा किया गया, जिसके बाद दीप प्रज्वलन और उद्घाटन किया गया।यूपीईएस, ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी, जीई भीमताल और हल्द्वानी जैसे विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों से 24 टीमों ने भाग लिया।सर्वश्रेष्ठ पिच का पुरस्कार ग्राफिक एरा (डीम्ड यूनिवर्सिटी) के श्री सिद्धार्थ जेना को दिया गया और यूपीईएस के थिंक बियॉन्ड लैब पहले उपविजेता रहे।देहरादून की सचिव सुश्री स्वरलीन कौर ने हमें बताया कि विनर अब फाइनल के लिए सिलिकन वैली जाएगा और 50,000 डॉलर के पुरस्कार का लक्ष्य रखेगा।



# तीर्थंकर भगवान महावीर निर्वाण उत्सव को राष्ट्रीय स्तर पर मनाएगा जैन समाज

देहरादून। भारतीय जैन मिलन के 25 वें वार्षिक क्षेत्रीय अधिवेशन में तीर्थंकर भगवान महावीर के 2550 वें निर्वाण उत्सव राष्ट्रीय को स्तर पर मनाने का संकल्प लिया गया। मौके पर वीर ऑफ ईयर दून के संजीव जैन, सहारनपुर के अमित जैन व वीरां ऑफ द ईयर पुरस्कार दून की ममलेश जैन व सहारनपुर की सरिता जैन को प्रदान किए गए। विशिष्ट शाखा का पुरस्कार जैन मिलन देहरादून व सर्वश्रेष्ठ शाखा का पुरस्कार जैन मिलन प्रगति को प्रदान किया गया। गांधी रोड स्थित जैन धर्मशाला में भारतीय जैन मिलन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष अनिनाश जैन ने पंचरंगी ध्वज का आरोहण किया। महावीर प्रार्थना, चित्र अनावरण, दीप प्रज्जवलन व स्वागत गीत के साथ के साथ जैन ध्वज के सम्मान में मनभावन झंडागान प्रस्तुत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय जैन ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में आगंतुकों को अभिवादन करते हुए कहा कि जैन समाज की विभिन्न शाखाएं जैन समाज की युवा पीढ़ी को अच्छी तरह मार्गदर्शन दे रही हैं, शाखा गठन का यही उद्देश्य भी है। राष्ट्रीय मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष नरेश जैन ने कहा कि जैन धर्म अनादि अनंत है, इसका समृद्धशाली इतिहास रहा है। विशिष्ट संरक्षक सुरेश चंद्र जैन रितुराज ने भगवान महावीर के 2550 वें वर्ष में भगवान महावीर के उपदेशों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया। उन्होने बताया कि भगवान महावीर का निर्वाण उत्सव पूरे देश में मोक्ष कल्याणक दिवस के रुप में 13 नवंबर 2023 से एक नवंबर 2024 तक वर्ष भर मनाया जाएगा। इससे पहले क्षेत्रीय मंत्री डॉ.संजय जैन ने वर्षभर कार्यों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय महामंत्री अजय जैन, मुख्य संयोजक संदीप जैन, शाखा अध्यक्ष प्रदीप जैन, अलका जैन, नवीन जैन, ममलेश जैन, सुनील जैन, संजीव जैन, मधु जैन, सचिन जैन, नरेश जैन ने भी विचार रखे। सहारनपुर, हरिद्वार, ऋषिकेश, देवबंद आदि शहरों से आए पांच सौ से अधिक प्रतिनिधियों ने जैन मिलन आंदोलन को गतिशील व प्रभावी बनाने पर मंथन किया। शहर में बने तोरण द्वारों से जैन समाज जीवंतता से एक सूत्र में पिरोया नजर आ रहा था। मंच पर संगीता, सीमा जैन, सुकुमार जैन, वीना जैन, नरेन्द्र कुमार जैन मौजूद रहे। क्षेत्रीय महामंत्री डॉ.संजय जैन ने संचालन किया।

# पुण्य तिथि पर ब्रह्मलीन स्वामी प्रेमानंद सरस्वती का नमन

हरिद्वार। ब्रह्मलीन स्वामी प्रेमानंद सरस्वती की तैंतीसवीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में सभी तेरह अखाड़ों के संत महापुरुषों ने उनका भावपूर्ण स्मरण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। नीलधारा तट स्थित आनन्द वन समाधि में महामंडलेश्वर स्वामी चिदविलासानंद सरस्वती के सानिध्य में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह को संबोधित करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी अनंतानंद ने कहा कि ब्रह्मलीन स्वामी प्रेमानंद सरस्वती दिव्य महापुरुष थे। सनातन धर्म संस्कृति के प्रचार प्रसार में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। भारत माता मंदिर के महंत एवं निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी ने कहा कि ब्रह्मलीन स्वामी प्रेमानंद सरस्वती ने समाज को सेवा का संदेश दिया और भावी पीढ़ी को संस्कारवान बनाकर धर्म के मार्ग पर अग्रसर किया। महामंडलेश्वर स्वामी चिदविलासानंद सरस्वती ने सभी संत महापुरुषों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सौभाग्यशाली है कि उन्हें गुरु के रूप में ब्रह्मलीन स्वामी प्रेमानंद का सानिध्य प्राप्त हुआ। मुख्य ट्रस्टी रविन्द्र किशोर सिन्हा ने कहा कि समाज को ज्ञान और धर्म की प्रेरणा देने के लिए जीवन समर्पित करने वाले ब्रह्मलीन स्वामी स्वामी प्रेमानंद सरस्वती त्याग और तपस्या की साक्षात प्रतिमूर्ति थे।

## पूर्व की भांति ही लच्छीवाला टोल प्लाजा में फ्री पास बनेंगे

ऋषिकेश। लच्छीवाला टोल प्लाजा पर रानीपोखरीवासियों का फ्री टोल पास न बनाए जाने पर लोगों ने प्रदर्शन किया। रानीपोखरी न्याय पंचायत के निवासियों ने पूर्व की भांति फ्री टोल पास बनाने की मांग की। प्रदर्शन के बाद टोल प्रबंधक ने क्षेत्रवासियों की मांग मान ली। रविवार को रानीपोखरी न्याय पंचायत के जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग लच्छीवाला टोल प्लाजा पर एकत्रित हुए। वहां उन्होंने नारेबाजी कर गेट नंबर एक पर धरना दिया। लोगों के प्रदर्शन की सूचना मिलते ही तहसीलदार मोहम्मद शादाब, सीओ अनिल कुमार शर्मा, कोतवाली प्रभारी राजेश साह मौके पर पहुंचे। रानीपोखरी प्रधान सुधीर रतूड़ी ने कहा कि जब यह टोल बनाया गया था, उस समय यह बात हुई थी कि डोईवाला विधानसभा के लोगों के लिए फ्री पास की सुविधा दी जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर पति को मौत के घाट उतारा

देहरादून। मसूरी रोड स्थित मक्का वाला गांव में पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर पति की हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक आरोपी महिला ने अपने प्रेमी पप्पू को शनिवार रात घर में बुलाया। पत्नी और प्रेमी ने मिलकर रात करीब 12:00 बजे अमजद का दुपट्टे से गला घोट कर उसे मार डाला। इसके बाद उसे पास ही नदी किनारे डालकर शव रजाई से ढक दिया। सुबह सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो पत्नी शव के पास बैठकर विलाप करने लगी। इस दौरान ही मृतक के बेटे ने पुलिस को पूरी कहानी बताई। पुलिस ने महिला और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक अमजद की उम्र करीब 44 साल है।

### पूर्व दर्जा मंत्री राहा को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

रुद्रपुर। बंगाली समाज के लोगों ने चितरंजन राहा को 18वीं पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने बंगाली समाज के उत्थान के लिए किए उनके कार्य को भी याद किया। रविवार को नगर कांग्रेस कार्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा स्व. राहा बंगाली समाज के लिए हमेशा समर्पित रहे। बंगालियों की नागरिकता का सवाल हो या उन्हें अनुसूचित जाति का दर्जा दिए जाने की मांग उन्होंने जीवन भर इसके लिए संघर्ष किया। उन्होंने न सिर्फ अपने समाज बल्कि सभी वर्गों के लिए अतुलनीय कार्य किए। वह हमेशा हमारी यादों में बने रहेंगे। बता दें राहा लगातार तीन बार दिनेशपुर के चेयरमैन रहे थे और कांग्रेस शासन में उन्हें राज्यमंत्री का दर्जा भी दिया गया था। यहां स्व. राह के बड़े सुधा रंजन राहा, पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, महिला कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ममता हालदार, नित्यानंद मंडल, सीपी शर्मा, सुभाष व्यापारी, विकास सरकार, काली पद विश्वास, नारायण हालदार, प्रमीत राहा, अमित राहा, अनुराधा राहा, तृप्ति राहा, चंदन नयाल, लल्लन तिवारी, रोहिताश मल्लिक, आशुतोष राय, वीरू हालदार, निरंजन घरामी, जगन्नाथ सरकार, जयराम राजभर रहे।

### खटीमा में नियम विरुद्ध चल रहे डग्गामार वाहनों पर रोक की मांग


रुद्रपुर। खटीमा से झनकैया होते हुए माधोटांडा, पूरनपुर तक रोडवेज बसें नहीं चलने से डग्गामार वाहनों की पो बारह हो रही है। प्रतिदिन सैकड़ों सवारी खटीमा से पूरनपुर और पूरनपुर से खटीमा आती है।नेशनल परमिट नहीं होने के बाद भी प्रतिदिन चल रही मैक्स और जीप डग्गामारी कर जहां टैक्स की चोरी कर रही है वहीं रोडवेज बसे नहीं चलने से विभाग को भी राजस्व का नुकसान कर रही है। इन वाहनों के द्वारा परिवहन नियमो की खुलेआम धज्जियां भी उड़ाई जा रही है। बिना फिटनेस और सेवन सीटर पास गाडियों में 10-12 लोग ठूस ठूस कर भर आवाजाही की जाती है जो कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकती है।इन वाहनों की छत पर लगेज भी इतना भरा होता है कि गाडियों के गहरे गड्ढे में आने पर गाड़ी पलटने का डर रहता है। खटीमा के आवास विकास के सामने इन मैक्स वाहनों का अड्डा बना यही से सवारियां ढोई जाती है। मामले में ए आर टी ओ नंद प्रसाद आर्या ने कहा वह मौके पर जाकर जांच करेंगे।अगर बिना टैक्स वाहन चल रहे है तो नियमनुसार कार्यवाही की जाएगी। सेवन सीटर गाडियों में पास सवारियों से अधिक सवारी होने पर भी उचित कार्यवाही की जाएगी।

# ग्लोबल लीडर रेटिंग ने सिद्ध की पीएम मोदी की दुनिया में धाक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 3 अप्रैल , ग्लोबल लीडर अप्रूवल रेटिंग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक बार पुनः प्रथम स्थान पर रहने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उन्हें अपनी शुभकामनाएं प्रदान की हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि मॉर्निंग कंसल्ट की ओर से जारी विश्व नेताओं की यह 76 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग दर्शाती है कि प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता भारत ही नहीं बल्कि दुनिया भर में उनके प्रशंसक और चाहने वाले हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है। आज पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत का परचम समूचे विश्व में लहरा रहा है।







## कांग्रेस महानगर कार्यकारिणी और सभी प्रकोष्ठ भंग

देहरादून। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी ने महानगर कार्यकारिणी सहित सभी प्रकोष्ठ एवं विभाग तत्काल प्रभाव से भंग कर दिए हैं। डॉ. गोगी ने कहा कि नई कार्यकारिणी, प्रकोष्ठों और विभागों का पुनर्गठन किया जाएगा। इसमें महानगर में व्यापार प्रकोष्ठ, मलिन बस्ती प्रकोष्ठ आदि सभी तत्काल प्रभाव से भंग कर दिए गए हैं। कुछ नए प्रकोष्ठों और विभागों का गठन किया जाएगा। शीघ्र नई कार्यकारिणी के साथ इन प्रकोष्ठों और विभागों की घोषणा की जाएगी। समर्पित, कर्मठ और उत्साही कांग्रेस कार्यकर्ताओं को स्थान दिया जाएगा।

## संपादकीय



### बढ़ते हृदय रोगी

कुछ समय से देश में दिल की बीमारियों के बढ़ते मामले बेहद चिंताजनक हैं. बड़ी संख्या में युवा भी इन बीमारियों की चपेट में आने लगे हैं. पिछले साल सितंबर में प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक बीते तीन वर्षों से दिल का दौरा पड़ने से हुई मौतों की वार्षिक संख्या 28 हजार से अधिक रही है. वर्ष 2021 में मृत 70 प्रतिशत लोगों की आयु 30 से 60 वर्ष के बीच थी. यह आंकड़ा भी परेशान करने वाला है कि 2012 और 2021 के बीच दिल का दौरा पड़ने से होने वाली मौतों की तादाद में 54 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है. मंडी स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) के नये शोध के निष्कर्ष में बताया गया है कि स्वच्छ ईंधन का इस्तेमाल नहीं करने से घर के भीतर बढ़ता प्रदूषण, सुस्त जीवनशैली तथा फास्ट फूड के सेवन की प्रवृत्ति में वृद्धि दिल के रोगों के बढ़ने के मुख्य कारण हैं. भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद और भारत के महापंजीकार के आंकड़े इंगित करते हैं कि दुनिया में हृदय रोग के भार का लगभग 60 प्रतिशत भारत के हिस्से में है. चिकित्सक और विशेषज्ञ लंबे समय से प्रदूषण, खान-पान में लापरवाही और शारीरिक निष्क्रियता के खराब नतीजों के बारे में चेताते रहे हैं, लेकिन रोगियों और मृतकों की बढ़ती संख्या से स्पष्ट संकेत मिलता है कि लोग इन बातों पर समुचित ध्यान नहीं दे रहे हैं. आइआइटी, मंडी के शोधार्थियों ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में रह रहे 45 साल की आयु से अधिक के 59 हजार लोगों से संबंधित सूचनाओं के अध्ययन के आधार पर अपना निष्कर्ष निकाला है. आशा की जानी चाहिए कि लोग इतने विस्तृत शोध का गंभीरता से संज्ञान लेंगे और अपनी जीवनशैली में सुधार के लिए प्रयासरत होंगे. इस रिपोर्ट में मोटापा, रक्तचाप, कुपोषण, परिवार का इतिहास, शराब का सेवन, धूम्रपान आदि को भी उल्लेखनीय कारणों में रेखांकित किया है. अधिक आयु के लोगों पर ऐसे कारणों का असर ज्यादा होता है. बढ़ते शहरीकरण और जीवन की आपाधापी ने हमारे रहन-सहन को बदल दिया है. इस असर से अपने स्वास्थ्य को बचाना हमारे हाथ में है. सबसे महत्वपूर्ण है पौष्टिक भोजन, नशे से परहेज तथा नियमित टहलने-दौड़ने को दिनचर्या में शामिल करना. शोध में बताया गया है कि मध्य और अधिक आयु में शारीरिक सक्रियता से हृदय रोगों से बचने में बड़ी मदद मिलती है. हालांकि सरकारी स्तर पर तथा मीडिया के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने की कोशिश होती है, लेकिन इसे अधिक सघन बनाने की आवश्यकता है. यदि हम थोड़ा सचेत रहें, तो स्वयं को न केवल दिल की बीमारियों से बचा सकते हैं, बल्कि बहुत से रोगों को दूर रख सकते हैं.

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## हेल्थ विजटर के रिक्त पदों को भरा जाए

हल्द्वानी। उत्तराखंड मातृ-शिशु एवं परिवार कल्याण महिला कर्मचारी संघ ने हेल्थ विजटर के रिक्त पदों को भरने व नियमानुसार दुर्गम में कार्यरत महिला स्वास्थ्य कर्मियों का सुगम में ट्रांसफर करने की मांग की है। रविवार को पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष शोभा टम्टा ने कहा कि स्वास्थ्य कर्मियों का नियमानुसार ट्रांसफर किया जाए। बैठक में हेल्थ विजटर के रिक्त पद भरने की मांग के साथ ही समान कार्य के समान पद के अनुसार ग्रेड पे देने की मांग की गई। इस दौरान नवनियुक्त महिला कर्मचारियों का स्वागत कर उनको सदस्यता भी दिलाई गई। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष लीला पंचोली, जिला मंत्री पूजा आर्या, कोषाध्यक्ष कमला रावत, संगठन मंत्री हेमलता आर्या, राधा, लीला आर्या, देवकी बोरा, सुनीता, जरीना बानो, रश्मि आर्या, संगीता प्रसाद, सीमा बलोदी, आदि मौजूद रहीं।

## स्क्रैप पॉलिसी के तहत बाहर हुए वाहनों की जगह नये वाहन खरीदें

देहरादून। राजकीय वाहन चालक संघ सिंचाई विभाग की बैठक में स्क्रैप पॉलिसी के तहत बाहर किए गए वाहनों की जगह नये वाहन खरीदने की मांग की गई। इसके साथ ही अन्य मांगों के निराकरण की भी मांग की गई। रविवार को हुई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि स्क्रैप पॉलिसी के तहत एक अप्रैल से 15 साल या इससे अधिक पुराने वाहन सडक से बाहर हो गए हैं। सरकार को इन वाहनों की जगह नये वाहन खरीदने चाहिए। इसके साथ ही ग्रेड पे बढ़ाने और सभी वाहनों का बीमा विभाग द्वारा करने की मांग की गई। इस मौके पर सबर सिंह रावत संरक्षक, शिवानंद सलाहकार, ताराचंद शाखा अध्यक्ष, प्रह्लाद गैरोला उपाध्यक्ष, अमर सिंह चौहान सचिव, कुंवर सिंह उप सचिव, दयानंद लेखवार कोषाध्यक्ष, विरेंद्र सिंह नेगी संगठन मंत्री चुने गए।

## संक्षिप्त खबरें

### हल्द्वानी के 43 शिक्षकों को एक मंच से ससम्मान विदाई

हल्द्वानी। 31 मार्च को सेवानिवृत्त होने वाले हल्द्वानी ब्लॉक के 43 शिक्षकों को रविवार को एक मंच पर ससम्मान विदाई दी गई। इस दौरान सभी के सेवाभाव को याद कर आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताया गया। शिक्षा विभाग की ओर से रविवार को पीलीकोठी स्थत नरसिंह पैलेस में विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सत्र 2022-23 में सेवानिवृत्त होने वाले हल्द्वानी ब्लॉक के माध्यमिक और प्राथमिक स्कूलों के 2 प्रधानाचार्यों, 12 प्रवक्ताओं, 10 एलटी सहायक अध्यापकों और 21 प्राथमिक शिक्षकों को सम्मानित कर उन्हें विदाई दी गई। मुख्य अतिथि मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, खंड शिक्षा अधिकारी हल्द्वानी एचके मिश्रा ने सभी की कार्यप्रणाली की प्रशंसा की और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि बीईओ धारी, कोटाबाग अंशुल बिष्ट, गिरधर सिंह मनराल, मीना पलियाल, रमेश चंद्र तिवारी, मदन सिंह बत्र्याल, विजय कुमार गुरुरानी, अनुपमा बमेठा, डिकर सिंह पडियार, कैलाश जोशी, पूरन नयाल, महेश कपिल, अमित जोशी, मनोज बड़शीलिया, ललित धपोला, निर्मल उपाध्याय, राजेश शर्मा, सुमन बिष्ट, दीपक राठौर, राजेंद्र सिंह चौहान, सिद्धार्थ पंत, हरीश उपाध्याय, कविता पंत, मुकेश जोशी, अंजू मिश्रा, अर्चना जोशी आदि मौजूद रहे।

### आवास विकास दफ्तर में आगजनी-चोरी की होगी मजिस्ट्रेटी जांच

हल्द्वानी। आवास विकास दफ्तर में हुई आगजनी व दस्तावेज चोरी की घटना को विभाग ने गंभीरता से लिया है। मामले में अपर आयुक्त आवास विकास पंकज उपाध्याय ने मजिस्ट्रेटी जांच के लिए शासन को संस्तुति भेज दी है। शनिवार को प्रशासन के संज्ञान में हल्द्वानी स्थित आवास विकास के दफ्तर में दस्तावेजों की चोरी व आगजनी की घटना का मामला सामने आया था। आवास विकास विभाग के अधिकारियों की टीम ने मौके का निरीक्षण किया था। अंदाजा लगाया जा रहा है कि घटना के दौरान दफ्तर में रखी करीब 300 फाइलों को जला दिया गया या फिर उसमें से महत्वपूर्ण दस्तावेजों को चोरी कर लिया गया है। अपर आयुक्त आवास विकास पंकज उपाध्याय ने उत्तराखंड आवास विकास परिषद को मजिस्ट्रेटी जांच के लिए संस्तुति भेजी है। उपाध्याय ने बताया कि दफ्तर के विभाग में लंबित 300 फाइलें व नक्शे रखे गए थे। इनमें से अधिकांश फाइलों को जला दिया गया है या फिर उन्हें चुराए जाने की भी आशंका है। उन्होंने बताया कि हल्द्वानी स्थित आवास विकास दफ्तर की 2 हजार फाइलें व मूल संपत्ति के रजिस्टर जसपुर दफ्तर में सुरक्षित हैं। यहां नष्ट हुई फाइलों को जसपुर दफ्तर से रिकवर कर लिया जाएगा।

### साइकिल रैली से किया स्वास्थ्य, नशा मुक्ति और खेलों के प्रति जागरूक जागरूक

ऋषिकेश। एम्स ऋषिकेश और ओमकारानंदा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वेलनेस ऑन व्हील्स साइकिल रैली के जरिए युवाओं को स्वास्थ्य, नशा मुक्ति और खेलों के प्रति जागरूक किया गया। रविवार को एम्स गेट नंबर एक पर साइकिल रैली वेलनेस ऑन व्हील्स का शुभारंभ संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर मीनू सिंह, डीन प्रो. जया चतुर्वेदी, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. संजीव कुमार मित्तल और ओआईएमटी के निदेशक डॉ. मुकेश गोयल ने हरी झंडी दिखाकर किया। कार्यकारी निदेशक प्रो. डॉ. मीनू सिंह ने युवाओं के स्वस्थ्य जीवन व उन्हें विभिन्न खेलों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रैली के सफलता पूर्वक आयोजन के लिए प्रशंसा की। कहा कि युवाओं के स्वास्थ्य व कल्याण के लिए इस तरह के आयोजन निरंतर होने चाहिए। रैली की समन्वयक व एम्स नेत्र रोग विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नीति गुप्ता और ओआईएमटी की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अपूर्वा त्रिवेदी ने कहा कि रैली में रेड राइडर्स क्लब, ब्लू राइडर्स समेत नगर के सभी साइकिलिंग समूहों के प्रतिनिधियों, सोलो राइडर्स, निर्मल आश्रम अस्पताल के चिकित्सकों, एम्स मेडिकल कॉलेज, कॉलेज ऑफ नर्सिंग और ओआईएमटी के संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। रैली में करीब 180 साइकिल सवारों ने हिस्सा लिया। इस दौरान एम्स परिसर से निकली रैली वीरभद्र, आईडीपीएल गोल चक्कर से होते हुए वापस एम्स परिसर में संपन्न हुई। मौके पर डॉ. अजय कुमार, डॉ. रोहित गुप्ता, डॉ. पुनीत धमीजा, डॉ. आनंद शर्मा, डॉ. अभिषेक, डॉ. सोनल सरन, डॉ. राज राजेश्वरी, रूपेंद्र देयोल, जनसंपर्क अधिकारी हरीश मोहन थपलियाल आदि उपस्थित रहे।

# यूकेडी ने किया कार्यकारिणी का विस्तार

न्यूज वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश। यूकेडी पदाधिकारियों ने बैठक आयोजित कर कार्यकारिणी का विस्तार किया। इसमें धर्मवीर सिंह गुसाईं को जिला कार्यकारी अध्यक्ष और शैलेंद्र सिंह गुसाईं को जिला संगठन मंत्री मनोनीत किया गया।रविवार को विकास खंड डोईवाला सभागार में यूकेडी की बैठक हुई। जिला अध्यक्ष संजय डोभाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिला कार्यकारी अध्यक्ष धर्मवीर सिंह गुसाईं, जिला संगठन मंत्री शैलेन्द्र सिंह गुसाईं, थानो खंड अध्यक्ष सतीश तिवाड़ी, श्यामपुर खंड अध्यक्ष अमित कलूरा, जिला महामंत्री दिनेश सेमवाल, एससी प्रकोष्ठ अध्यक्ष विशाल कुमार, ओबीसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुरमुख सिंह, श्रमिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्यामसुंदर को मनोनीत किया गया। नगर प्रभारी केंद्र पाल सिंह तोपवाल ने बीना नेगी, सुरेंद्र चौहान, संजू कृषाली, अमित कुमार, जगदीश सिंह सजवान, विनोद कोठियाल, अवतार सिंह बिष्ट, नंदन बिष्ट एवं राजकुमारी उनियाल को वार्ड प्रभारी नियुक्त किया गया। केंद्रीय महामंत्री संगठन मोहन सिंह असवाल ने कहा कि यूकेडी की प्राथमिक सदस्यता अभियान को प्रत्येक गांव तक ले जाने का काम करेंगे। केंद्रीय निकाय प्रकोष्ठ अध्यक्ष समीर मुंडीपी ने कहा कि राज्य हासिल करने में यूकेडी की अहम भूमिका रही है।

युवा प्रकोष्ठ केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि युवा शक्ति डोईवाला निकाय चुनाव में दल को मजबूत करने में अपना योगदान देगी। मौके पर प्रीति थपलियाल, जगदम्बा भट्ट, शशिधर, मुनेंद्र नेगी, योगी पंवार, कांता नवानी, निर्मला भट्ट, शशी बाला, जीवानंद, जगदीश बिंजौला, नैना, शंकर नौटियाल, दिनेश कोठियाल, युद्धवीर, प्रवीण रमोला, भोला प्रसाद चमोली आदि उपस्थित रहे।

# संजय शास्त्री अध्यक्ष और मनोज ध्यानी कार्यकारी अध्यक्ष बने

न्यूज वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश। चारधाम यात्रा में वाहनों के संचालन के लिए संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति का गठन कर दिया गया है। संजय शास्त्री को सर्वसम्मति से समिति का अध्यक्ष और मनोज ध्यानी को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया है। संयुक्त रोटेशन में नौ परिवहन कंपनियां शामिल रहेंगी।

रविवार को जीएमओ कार्यालय में आयोजित सभी प्रमुख परिवहन कंपनियों के अध्यक्षों की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष समिति में प्रमुख नौ परिवहन कंपनियों को ही शामिल किया जाएगा। सर्वसम्मति से गढ़वाल मंडल कान्ट्रैक्ट कैरीज कंपनी के अध्यक्ष संजय शास्त्री को रोटेशन समिति का अध्यक्ष और यातायात पर्यटन एवं विकास सहकारी संघ के अध्यक्ष मनोज ध्यानी को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। इस दौरान रोटेशन अध्यक्ष संजय शास्त्री ने कहा कि विभाग की ओर से बाहरी वाहनों को छूट देकर प्रोत्साहित किया जा रहा है। सरकार ऐसे वाहनों पर रोक लगाए और उत्तराखंड के वाहन स्वामियों को प्राथमिकता दें। बैठक में जीएमओ अध्यक्ष जीत सिंह पटवाल, टीजीएमओ अध्यक्ष जितेंद्र सिंह नेगी, यातायात परिवहन कंपनी के उपाध्यक्ष नवीन रमोला, रूपकुंड कंपनी के अध्यक्ष भोपाल सिंह नेगी, जीएमसीसी के संचालक सुधीर राय, गढ़वाल मंडल बहुउद्देशीय सहकारी समिति के संचालक विनोद भट्ट, रूपकुंड के सचिव देवेंद्र सिंह रावत, सीमांत सहकारी समिति के सचिव नंदन सिंह भंडारी, संचालक चरण सिंह गढ़िया, जीएमओ संचालक कुंवर सिंह रावत, नरेंद्र सिंह नेगी, रोटेशन प्रभारी नवीन तिवाड़ी, हर्ष सिंह रावत, यशवंत सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

## किसानों के हित में काम कर रही डबल इंजन की सरकार

विकासनगर। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की बैठक में सरकार की ओर से किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी किसानों तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। साथ ही कांग्रेस के दुष्प्रचार का जवाब देने की भी रणनीति पर भी मंथन किया गया। रविवार को शंकरपुर स्थित एक वेडिंग प्वाइंट में आयोजित बैठक में किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगिंदर सिंह पुंडीर ने कहा कि किसान देश के अन्नदाता हैं। लिहाजा डबल इंजन की सरकार किसानों के हित में कई योजनाओं का संचालन कर रही है, जिससे उनके घर में खुशहाली आए। किसान खुशहाल होंगे तो देश में भी खुशहाली आएगी। उन्होंने कहा कि किसान भी देश के विकास में योगदान देने के लगन से जुटा हुआ है। कहा कि कांग्रेस इन दिनों देश की जनता को बरगलाने का काम कर रही है। किसानों के बीच भी कांग्रेस भ्रामक प्रचार कर रही है, लेकिन देश का किसान सच्चाई जानता है। खेतों में लहलहाती फसल किसान की मेहनत के परिणाम के साथ ही सरकार की नीतियों का फल भी है।

## आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर लगाया जनजाति कल्याण विभाग में भ्रष्टाचार का आरोप

विकासनगर। जनजाति विकास समिति जौनसार बावर से जुड़े लोगों का गुस्सा रविवार को जनजाति कल्याण विभाग के खिलाफ फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने कालसी ब्लॉक मुख्यालय के सामने प्रदर्शन कर जनजाति कल्याण विभाग में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि जनजाति क्षेत्र जौनसार बावर सहित उत्तराखंड के 16 आश्रम पद्धति विद्यालय और चार आईटीआई में छात्र-छात्राओं का उत्पीड़न किया जा रहा है। इन संस्थानों में मानकों के अनुरूप सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं। जनजाति कल्याण विभाग में शीर्ष पद पर तैनात एक अधिकारी द्वारा इसे बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी अधिकारी के माध्यम से कुछ जन प्रतिनिधि इन विद्यालयों के प्रबंधन को मैनेज करने का काम कर रहे हैं। इसके साथ ही अधिकारी की ओर से एकलव्य आवासीय विद्यालय की गतिविधियों में भी अनावश्यक दखल दी जा रही है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जनजाति कल्याण विभाग की कार्यशैली से से विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है, जिसका खामियाजा में इन विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है। कहा कि आश्रम पद्धति विद्यालयों में जनजाति वर्ग के गरीब बच्चे पढ़ते हैं।

# युवाओं को देश के विकास में अपना योगदान देना होगा : नेहा जोशी

न्यूज वायरस नेटवर्क

विकासनगर। भाजयुमो की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी ने कहा कि युवा देश के भविष्य हैं। उनमें देश को शिखर पर ले जाने की क्षमता है। युवाओं के आगे आने से समाज को सही दिशा मिलेगी और देश तरक्की करेगा। ऐसे में युवाओं को देश के विकास में अपना योगदान देना होगा। यह बातें उन्होंने रविवार को सुद्धोवाला स्थित एक निजी फार्म हाउस में भाजयुमो की ओर से आयोजित वाई-20 चौपाल में कही। इस चौपाल में देश के विकास में युवाओं की भागीदारी, उनके कौशल विकास और युवा ऊर्जा के सकारात्मक उपयोग पर भी चर्चा की गई। नेहा जोशी ने कहा कि युवा शक्ति देश और समाज की रीढ़ होती है। युवा देश और समाज को नए शिखर पर ले जाते हैं। युवा देश का वर्तमान हैं, तो भूतकाल और भविष्य के सेतु भी हैं। युवा गहन ऊर्जा और उच्च महत्वकांक्षाओं से भरे हुए होते हैं, उनकी आंखों में भविष्य के इंद्रधनुषी स्वप्न होते हैं। इन सपनों के पूरा होने से देश के विकास में भी सहयोग मिलता है। उन्होंने कहा कि अन्य देशों की तुलना में, भारत में 18 से 35 आयु वर्ग के युवाओं की अच्छी खासी आबादी है, लिहाजा देश के विकास के लिए युवा ऊर्जा की कोई कमी नहीं। जरूरत सिर्फ युवाओं को दृढ़ संकल्पित होने की है। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष चिराग गुलेरिया ने कहा कि युवाओं को नशे की लत से दूर रहते हुए अपनी ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत का प्रमुख फोकस विश्व के युवा नेताओं को एक साथ लाने, बेहतर भविष्य पर चर्चा करने और कार्रवाई के लिए एजेंडा तैयार करने पर है। वाई-20 सम्मेलन से भारत को यह मौका मिला है। इसके लिए, मुख्य युवा-20 शिखर सम्मेलन से पहले वाई-20 से संबंधित पांच विषयों पर सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही और साथ ही देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में विभिन्न परिचर्चाएं तथा संगोष्ठियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने पछुवादून के युवाओं को भी इन आयोजनों में प्रतिभाग करने की सलाह दी। इस दौरान युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष दीपक ठाकुर, अनुज रतूड़ी, प्रवीण पंवार, संजीव मिन्हास, मोहित राणा, विवेक रावत, मथुरा प्रसाद गौड़, संजय तोमर आदि मौजूद रहे।

# 46 बच्चों की माताओं को मिला कमला नेहरू पुरस्कार

बागेश्वर। खोलिया विवेकानंद इंटर कॉलेज गरुड़ में स्व. कमला नेहरू पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। चयनित 46 छात्र-छात्राओं की माताओं को एक-एक हजार की नकद धनराशि देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि तहसीलदार तितिक्षा जोशी ने कहा कि बच्चों को आगे बढ़ाने में उनकी माताओं का विशेष योगदान होता है। विद्या भारती के स्कूल संस्कारों के साथ बेहतर शिक्षा देने का काम कर रहे हैं। अध्यक्षता करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश्वरी मेहता ने कहा कि विकासखंड में सर्वाधिक 46 पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय ने एक कीर्तिमान स्थापित किया है। बच्चे पॉजिटिव सोचें और एक निर्धारित लक्ष्य बनाएं। प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र जोशी ने कहा कि बच्चों, शिक्षकों व अभिभावकों की मेहनत से ही विद्यालय को यह सम्मान मिला है। संचालन चंद्रशेखर बड़सीला ने किया। यहां बीआरपी भुवन भट्ट, वरिष्ठ प्रवक्ता मदन मोहन पांडेय, सुरेश जोशी, भुवन मिश्रा, श्यामाचरण पाटनी, गणेश कांडपाल, भावना रावत, इंद्रा पांडे रहे।

## वनाग्नि रोकने के लिए ओण प्रबंधन के दिए टिप्स

अल्मोड़ा। संस्था नौला फाउंडेशन की ओर से दूरस्थ जौरासी में ओण दिवस के अवसर पर शनिवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यशाला में मुख्य अतिथि वरिष्ठ पर्यावरण वैज्ञानिक एवं अंतराष्ट्रीय वन्य जीव सरंक्षण पुरस्कार प्राप्त डॉ. केएन बलोदी ने वन विभाग और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियो, ग्रामीणों को पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए खरपतवार व फसलों के अवशेष यानी ओण को समय पर नष्ट करने के टिप्स दिए।

# संक्षिप्त खबरें

## शिकायत पर रोका नहर निर्माण का कार्य

ऋषिकेश। माजरीग्रांट में सिंचाई नहर निर्माण में घटिया सामग्री के प्रयोग की शिकायत सामने आई है। ग्रामीणों की शिकायत पर विभागीय अधिकारियों ने निर्माण कार्य रुकवा दिया है। इन दिनों ग्राम पंचायत माजरीग्रांट के वार्ड नं 6 में सिंचाई विभाग द्वारा नहर बनाई जा रही है। इसमें ग्रामीण घटिया सामग्री के प्रयोग का आरोप लगा रहे हैं। ग्रामीण रणवीर सिंह सैनी ने कहा कि यह नहर किसानों की खेतों की सिंचाई के लिए बनाई जा रही है, लेकिन इसमें घटिया सामग्री लगाई जा रही है। नहर बनाने के लिए नीचे से जमीन खोदी नहीं जा रही है, ऊपर से ही नहर बना दी जा रही है। ऐसे में यह बरसात के समय बह जायेगी। ग्राम पंचायत सदस्य गुरविंदर कौर ने कहा कि माजरीग्रांट में जितनी नहरें बनाई गई है, उन सभी का यही हाल है। उन्होंने उच्चाधिकारियों से माजरीग्रांट में बनी सभी नहरों की जांच करने की मांग की है। सहायक अभियंता आशीष ममगाईं ने कहा कि इस नहर को लेकर दो बार शिकायत आ गई है। इसका कार्य रुकवा दिया गया है। मौके पर जाकर काम को देखा जायेगा।

## दिव्यांग बच्चों का निशुल्क होम्योपैथिक परीक्षण किया

ऋषिकेश। होप फॉर द हॉपलेस शिविर में शारीरिक और मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों का निशुल्क होम्योपैथिक परीक्षण किया गया । इस दौरान उन्हें दवाइयां भी वितरित की गईं। करीब 400 मरीजों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। रविवार को कैलाश आश्रम के भक्त निवास में आयोजित शिविर में होम्योपैथिक पद्धति से चिकित्सकों ने दिव्यांग बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। इस दौरान डॉ. प्रफुल्ल विजयकर ने बताया कि वह कई शिविर लगाकर दिव्यांग लोगों और बच्चों का उपचार कर चुके हैं। शिविर में डॉ. एसके बरनवाल, डॉ. अमरीश कुमार, डॉ. विजय कुमार, डॉ. बीएस चौहान, डॉ. रणविजय प्रताप, डॉ. मनोज गुप्ता, डॉ. लव कुमार, डॉ. अश्विनी कुमार, डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. प्रणव कुमार, डॉ. राजेश आदि मौजूद रहे।

## अंशुल जिलाध्यक्ष व नीलम बनी महानगर अध्यक्ष

ऋषिकेश। उत्तराखंड महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कार्यकारिणी का विस्तार किया है। इसमें उन्होंने अंशुल त्यागी को देहरादून जिलाध्यक्ष व नीलम तिवारी को ऋषिकेश महानगर अध्यक्ष बनाया है। रविवार को उत्तराखंड महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने प्रदेश पदाधिकारी व जिलाध्यक्षों की सूची जारी की। इसमें छिद्दरवाला निवासी अंशुल त्यागी को देहरादून जिलाध्यक्ष और गंगानगर निवासी नीलम तिवारी को ऋषिकेश महानगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। इससे पूर्व अंशुल त्यागी रायवाला ब्लॉक महिला कांग्रेस की ब्लॉक अध्यक्ष रही हैं। जबकि नीलम तिवारी विभिन्न आंदोलनों से जुड़कर सामाजिक कार्य करती आ रही हैं। नवनियुक्त महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंशुल त्यागी ने कहा कि वे अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगी। नवनियुक्त महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्ष नीलम तिवारी ने कहा कि आगामी निकाय चुनाव के लिए अभी से क्षेत्र में कार्यकर्ताओं को जोड़ने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## वीकेंड पर तीर्थनगरी में जाम से परेशानी

ऋषिकेश। वीकेंड पर रविवार को दिल्ली, हरियाणा, एनसीआर आदि इलाकों से बड़ी संख्या में पर्यटकों ने राफ्टिंग और बीच कैंप का लुत्फ उठाने के लिए ऋषिकेश का रुख किया। पर्यटक वाहनों का दबाव बढने से हरिद्वार-ऋषिकेश हाईवे पर कोयलघाटी तिराहे से तपोवन और बाईपास मार्ग पर तहसील चौक से ढालवाला तक लंबा जाम लगने से लोग हलकान रहे। पटरी से उतरी यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए पुलिस और होमगार्ड के जवान मशक्कत करते रहे। मनसा देवी तिराहे से तहसील चौक, नटराज चौक, ढालवाला से लेकर भद्रकाली तक वाहनों का लंबा जाम रहा। दिल्ली, हरियाणा, एनसीआर से सुबह से ही सैलानियों के तीर्थनगरी ऋषिकेश का रुख करने से हाईवे पर पर्यटक वाहनों का दबाव बना रहा। एक के पीछे एक दिल्ली, हरियाणा और यूपी नंबर के वाहन सरक सरककर आगे बढ़ते दिखायी दिए। हाईवे पर कोयलघाटी तिराहा, घाट चौक, चंद्रभागा पुल तिराहा, कैलास गेट, मुनिकीरेती से लेकर तपोवन तक लंबा जाम रहा। बाधित यातायात को सुचारु करने में पुलिस को जमकर मशक्कत करनी पड़ी। देर शाम तक स्थिति सामान्य नहीं हो सकी। लोगों ने जाम की समस्या को लेकर पुलिस की व्यवस्था पर सवाल उठाए। कहा कि हाईवे के किनारे सवारियों के इंतजार में आड़े तिरछे खड़े तिपहिया ट्रैफिक बिगाड़ते हैं, इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। कोतवाल आरके पांडेय ने बताया कि चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा।

## निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 200 लोग लाभांवित हुए

ऋषिकेश। न्याय पंचायत श्यामपुर के खदरी खडक़माफ गांव में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का करीब 200 लोगों ने लाभ उठाया। रविवार को खदरी खडक़माफ के चोपड़ा फार्म में आयोजित नेत्र जांच शिविर का उद्घाटन क्षेत्र पंचायत सदस्य बीना चौहान ने किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पहली बार निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया है। आगे भी ग्रामीणों के स्वास्थ्य जांच के लिए इस तरह के शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना भी है। शिविर में सी व्यू नेत्र की टीम मौजूद रही। डॉ. महावीर बड़थ्वाल की देखरेख में उनकी टीम में शामिल ज्योति, मोहित, संजीव, नितिन ने लोगों की आंखों की जांच की। उचित परामर्श के साथ लोगों को दवाइयां भी वितरित की गईं। मौके पर लक्ष्मण राणा, विनोद चौहान, समाजसेवी अनिल रावत, अनूप रावत आदि रहे?।

## स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

विकासनगर। अनुनाद पब्लिक स्कूल चांदपुर-होरावाला में रविवार को स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोहा। इस दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। समारोह का उद्घाटन किसान सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक संजीव शर्मा और असहायता प्राप्त विद्यालय एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष चंडी प्रसाद गोदियाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की शुरुआत छात्राओं ने सरस्वती वंदना से की। इसके बाद हिमाचली नाटी नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। नुक्कड़ नाटक से नशे की लत से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। जौनसारी हारुल और गढ़वाली झुमैलो के साथ ही नंदा राजजात यात्रा की झांकी ने खूब तालियां बटोरीं। विशिष्ट अतिथि गुरमीत सिंह ने मेधावी को छात्र-छात्राओं को गुरु श्री हरकिशन सिंह स्मृति सम्मान से नवाजा।